web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 21 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 323

# चंद्रयान-3 मिशन... लैंडर मॉड्यूल 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद, इसरो ने बताया समय

**नईदिल्ली, (आरएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को कहा कि उसने चंद्रयान-3 मिशन के 'लैंडर मॉड्यूल' को कक्षा में थोड़ा और नीचे सफलतापूर्वक पहुंचा दिया, और इसके अब 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि लैंडर माड्यूल प्रस्तावित 'सॉफ्ट लैंडिंग' से पहले अंदरूनी जांच की प्रक्रिया से गुजरेगा। इसरो ने कहा कि लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल के 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरने की उम्मीद है।



इससे पहले, इसरो ने कहा था कि मॉड्यूल 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरेगा। इसरो ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर रविवार तड़के एक पोस्ट में कहा, दूसरे और अंतिम डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) अभियान में लैंडर मॉड्यूल सफलतापूर्वक कक्षा में और नीचे आ गया है। मॉड्यूल अब आंतरिक जांच प्रक्रिया से गुजरेगा और निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करेगा।

इसरो के अनुसार, चंद्रयान-3 मिशन के जरिये अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करेगा। इसने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, और उद्योग की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है जो अंतरिक्ष अन्वेषण में राष्ट्र की प्रगति को प्रदर्शित करता है। इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम का टेलीविजन पर 23 अगस्त को सीधा प्रसारण किया जाएगा, जो इसरो की वेबसाइट, इसके यूट्यूब चैनल, इसरो के फेसबुक पेज, और डीडी (दूरदर्शन) नेशनल टीवी चैनल सहित कई मंचों पर पांच बजकर 27 मिनट से शुरू होगा।

इसरो ने कहा, चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग एक ऐतिहासिक क्षण है जो न केवल उत्सुकता बढ़ाएगा, बल्कि हमारे युवाओं के मन में अन्वेषण की भावना भी उत्पन्न करेगा।

इसरो ने कहा कि इसके आलोक में देश भर में सभी स्कूल और शैक्षणिक संस्थानों को छात्रों और शिक्षकों के बीच इसे सक्रियता से प्रचारित करने के लिए आमंत्रित किया गया है, तथा चंद्रयान-3 की 'सॉफ्ट लैंडिंग' का परिसरों में सीधा प्रसारण आयोजित किया जाएगा।

चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल और प्रपल्जन मॉड्यूल 14 जुलाई को मिशन की शुरुआत होने के 35 दिन बाद गुरुवार को सफलतापूर्वक अलग हो गए थे। इसरो के सूत्रों ने पूर्व में कहा था कि प्रपल्जन मॉड्यूल से अलग हुए लैंडर को एक ऐसी कक्षा में लाने के लिए 'डीबूस्ट' (धीमा करने की प्रक्रिया) से गुजारा जाएगा, जहां पेरिल्यून (चंद्रमा से कक्षा का निकटतम बिंदु) 30 किलोमीटर और अपोल्यून (चंद्रमा से सबसे दूर का बिंदु) 100 किमी की दूरी पर होगा, जहां से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' का प्रयास किया जाएगा। उस दौरान, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में 'सॉफ्ट लैंडिंग' की कोशिश की जाएगी। चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था।

प्रपल्जन और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की कवायद से पहले इसे छह, नौ, 14 और 16 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में नीचे लाने की कवायद की गई, ताकि यह चंद्रमा की सतह के नजदीक आ सके। इससे पहले,14 जुलाई के प्रक्षेपण के बाद पिछले तीन हफ्तों में पांच से अधिक प्रक्रियाओं में इसरो ने चंद्रयान-3 को पृथ्वी से दूर आगे की कक्षाओं में बढ़ाया था। गत एक अगस्त को एक महत्वपूर्ण कवायद में अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा से सफलतापूर्वक चंद्रमा की ओर भेजा गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बस में आग लगने से 16 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पिंडी भट्टियां इलाके में रविवार तडक़े एक बस डीजल ले जा रही पिकअप वैन से टकरा गई और उसमें आग लग गई। इससे कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने एक चिकित्सा अधीक्षक के हवाले से बताया कि घायलों को पिंडी भट्टियन और फैसलाबाद अस्पताल ले जाया गया। बचाव अधिकारियों के अनुसार, बस कराची से इस्लामाबाद की ओर जा रही थी। जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) फहद ने कहा कि शवों को बस से निकाल लिया गया है और डीएनए परीक्षण से उनकी पहचान की जाएगी।

### पाकिस्तान में आतंकी हमले में 13 मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आतंकवादी हमले में 13 मजदूर मारे गये। सूत्रों ने डिप्टी कमिश्नर रेहान गुल खट्टक के हवाले से बताया कि घटना शनिवार देर रात की है, जब आतंकवादियों ने गुल मीर कोर इलाके में मजदूरों को ले जा रहे एक निजी वाहन को विस्फोटक से उड़ा दिया। इलाके में मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं. विस्फोट के तुरंत बाद, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवर-उल-हक काकर ने हमले की कड़ी निंदा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवर-उल-हक काकर ने पोस्ट किया, उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकवादी हमले के बारे में जानकर दिल दहल गया, जिसमें 11 निर्दोष मजदूरों की जान चली गई। इस संवेदनहीन कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं। हिंसा और प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े रहें।

### रूस को लगा बड़ा झटका, चांद पर उतरने से पहले ही मिशन लूना-25 हुआ क्रैश

**मॉस्को।** चांद पर भेजे गए रूस के मिशन मून को तगड़ा झटका लगा है. सॉफ्ट लैंडिंग से पहले ही रूस का मिशन मून लूना 25 क्रैश हो गया है. रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने रविवार को बताया कि रूस का लूना-25 अनियंत्रित कक्षा में घूमने के बाद चंद्रमा से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि मानवरहित यान एक अप्रत्याशित कक्षा में चला गया और चंद्रमा की सतह से टकराकर क्रैश हो गया. अधिकारियों का कहना है कि रूस का लूना-25 अंतरिक्ष यान अनियंत्रित कक्षा में घूमने के बाद चंद्रमा से टकराकर क्रैश हो गया है. शनिवार को ही खबर थी कि रूस के मून मिशन लूना-25 में लैंडिंग से पहले तकनीकी खराबी आ गई. अंतरिक्ष यान चंद्रमा के एक हिस्से का पता लगाने के लिए सोमवार को उतरने वाला था. रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉसमॉस के मुताबिक, लूना-25 अंतरिक्ष यान को चंद्रमा के ऊपरी भाग पर असमान्य स्थिति का सामाना करना पड़ा. एजेंसी ने कहा कि 21 अगस्त को चांद पर उतराने के लिए मिशन को नियंत्रण करने के लिए एक फिक्स्ड टचडाउन से पहले शनिवार को विमान को प्री-लैंडिंग कक्षा में ले जाने की कोशिश की गई थी. इसी दौरान कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा था.

# राष्ट्रपति का छत्तीसगढ़ दौरा फाइनल



**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 अगस्त को पहली बार छत्तीसगढ़ के दौरे पा आ रही हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद मुर्मू का यह पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। अपने इस पहले दौरे में वे यहां दो दिन रहेंगी। इस दौरान रायपुर और बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति मुर्मू इंडियन एयरफोर्स के विशेष विमान से 31 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे रायपुर पहुंचेंगी। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सीधे राजभवन आएंगी। राष्ट्रपति मुर्मू यहां बलौदबाजार रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय ट्रस्ट शांति सरोवर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। साथ ही वे महंत घासी दास संग्रहालय का दौरा करेंगी। इस दौरान राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन भी उनके साथ रहेंगे।राष्ट्रपति राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। इस दौरान उनके सम्मान में राजभवन में रात्रि भोज का भी आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रपति मुर्मू के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के अनुसार अगले दिन 1 सितंबर को वे बिलासपुर जाएंगी। राष्ट्रपति रायपुर से हेलीकॉप्टर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगी। जहां वे सबसे पहले रतनपुर स्थित महामाया मंदिर में दर्शन करेंगी और उसके बाद बिलासपुर स्थित गुरु घासी दास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। दीक्षांत समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। वहां से रायपुर लौटने के बाद वे अपने विशेष विमान से दिल्ली लौट जाएंगी। राष्ट्रपति बनने के बाद पहला दौरा राष्ट्रपति के रुप में मुर्मू का यह पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। इससे पहले वे राष्ट्रपति पद के चुनाव के दौरान एनडीए के प्रत्याशी के रुप में छत्तीसगढ़ आई थीं।

# मुंबई-हावड़ा रूट की 20 एक्सप्रेस ट्रेनें 29 अगस्त तक रद्द

**❒ अलग-अलग डिवीजनों में तीसरी लाइन जोड़ने का होगा काम**

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रशासन विभिन्न मंडलों में तीसरी लाइन को जोडऩे का काम कर रहा है। इस दौरान तीसरी लाइन भुवनेश्वर-मंचेश्वर, हरिदासपुर-धनमंडल और संबलपुर-अंगुल के बीच जोड़ी जाएगी। रेलवे ट्रैक पर काम के कारण मुंबई-हावड़ा रूट पर 20 एक्सप्रेस ट्रेनें और रायपुर-विशाखापट्टनम के बीच 4 ट्रेनें 17 से 29 अगस्त तक रद्द कर दी गई हैं। वहीं, चार ट्रेनों को रेलवे रूट बदलकर चलाया जाएगा। ट्रेनों के रद्द होने और रूट बदले जाने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा.



**ये ट्रेनें रद्द रहेंगी-कुर्ला-पुरी एक्सप्रेस 20 अगस्त**

- पुरी-कुर्ला एक्सप्रेस 22 अगस्त।
- कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 23, 26, 30 अगस्त।
- भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस 21, 24, 28 अगस्त।
- गढ़ीधाम-पुरी एक्सप्रेस 18 और 25 अगस्त।
- पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस 21 और 28 अगस्त।
- बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस 20 व 27 अगस्त।
- पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस 23 और 30 अगस्त।
- जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस 26 अगस्त।
- पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस 23 अगस्त।
- अजमेर-पुरी एक्सप्रेस 17, 22, 24 और 29 अगस्त।
- पुरी-अजमेर एक्सप्रेस 17, 21, 24 और 28 अगस्त।
- साईनगर सिदी-पुरी एक्सप्रेस 20 और 27 अगस्त।
- पुरी-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस 18 और 25 अगस्त।
- इंदौर-पुरी एक्सप्रेस 22 अगस्त।
- पुरी-इंदौर एक्सप्रेस 24 अगस्त।
- कुर्ला-पुरी एक्सप्रेस 24 अगस्त।
- पुरी-कुर्ला एक्सप्रेस 22 अगस्त।
- बलसाड-पुरी एक्सप्रेस 24 अगस्त।
- पुरी-बलसाड एक्सप्रेस 27 अगस्त।
- बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल 18 से 23 अगस्त तक।
- टिटलागढ़-रायपुर पैसेंजर स्पेशल 18 से 23 अगस्त तक।
- टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल 19 से 24 अगस्त तक।
- रायपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल 19 से 24 अगस्त तक।

# बाढ़ राहत के लिए 200 करोड़ रुपए जारी करने को दी मंजूरी

**❒ हिमाचल के जख्मों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लगाया मरहम**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गृह मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश सरकार को मानसून के कारण प्रभावित लोगों के लिए राहत उपाय करने में मदद करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से 200 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी करने की मंजूरी दे दी है। आपदा, गृह मंत्रालय के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने कहा, भारत सरकार चौबीसों घंटे हिमाचल में स्थिति की निगरानी कर रही है, और स्थिति से कुशलतापूर्वक निपटने के लिए राज्य सरकार को आवश्यक रसद और वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। अब तक एनडीआरएफएचक्यू की 20 टीमें, भारतीय सेना की नौ टुकडिय़ां, भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों की तीन टीमें बचाव और राहत कार्य के लिए हिमाचल प्रदेश में तैनात हैं।



इसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बिना, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों और स्थिति का मौके पर आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीमों को भी तैनात किया है, जिन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

शनिवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली का दौरा किया था और कहा था कि उनके राज्य को 10 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और राज्य को दोबारा खड़ा करने में लगभग एक साल लगेगा।

सुक्खू ने कहा था, हिमाचल सरकार को पूरे देश से मदद मिल रही है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ सरकार ने उसे राहत के तौर पर क्रमश: 15 करोड़ रुपये और 11 करोड़ रुपये की मदद दी है।

सुक्खू ने कहा था कि हिमाचल को दो बार प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा है, पहले 7 जुलाई से 11 जुलाई के दौरान और फिर 13 अगस्त के दौरान, जो 16 अगस्त तक।

# विजाग के पास घाटी में बस गिरने से दो की मौत

**विशाखापत्तनम (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतामराजू जिले में रविवार को एक आरटीसी बस के घाटी में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और करीब 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।



यह दुर्घटना विशाखापत्तनम के बंदरगाह शहर से लगभग 100 किमी दूर पडेरू घाट रोड व्यूपॉइंट के पास हुई, जब आंध्र प्रदेश राज्य सडक़ परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) की बस 100 फीट की घाटी में गिर गई। लगभग 45 यात्रियों वाली बस पडेरू से चोडावरम जा रही थी।

बच्चों सहित घायल यात्रियों को सडक़ पर पड़े देखा गया, इससे पहले कि पुलिस और अन्य अधिकारी उनकी मदद के लिए दौड़ते। घायलों में से दस को गंभीर चोटें आईं। घायलों में एक ही परिवार के आठ सदस्य शामिल हैं.

पुलिस ने घायलों को नरसीपट्टनम के एक अस्पताल और विशाखापत्तनम के किंग जॉर्ज अस्पताल में भर्ती कराया।

# मानस नेशनल पार्क में गैंडे की मौत, अधिकारियों का अवैध शिकार से इनकार

**गुवाहाटी । आरएनएस**

असम में मानस नेशनल पार्क के रूपोही कैंप के पास भुइयांपारा रेंज में एक गैंडे का शव बरामद हुआ है। इसके कुछ घंटों बाद अधिकारियों ने अवैध शिकार के किसी भी प्रयास की संभावना से इनकार किया है। अधिकारियों ने दावा किया है कि जंगली जानवर (गैंडे) की प्राकृतिक मौत हुई है।



मानस नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व के निदेशक वैभव सी माथुर ने कहा कि यह एक प्राकृतिक मौत थी। हमने इसकी पुष्टि कर दी है। सींग भी बरामद किया गया है।

जिस एक सींग वाले गैंडे का शव शनिवार को मिला था, उसे 2013 में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व से मानस में शिफ्ट कर दिया गया था। माथुर ने कहा कि यह करीब 18 साल का नर गैडा था। संभवत: गैंडे की मौत अन्य जंगली जानवरों से संघर्ष के कारण हुई है। हम इस पर गौर कर रहे हैं।

वन अधिकारी के मुताबिक, इस साल मानस नेशनल पार्क में गैंडे की यह तीसरी प्राकृतिक मौत है। जून महीने में एक गैंडा शिकारियों के हाथ लग गया था। गौरतलब है कि हाल ही में असम के चिरांग जिले में एक संदिग्ध गैंडा शिकारी की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी, जिसे पहले भारत-भूटान सीमा पर गिरफ्तार किया गया था।

# श्रीराम मंदिर की सुरक्षा में तैनात होने वाले सुरक्षाकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाए : सीएम योगी

**❒ मुख्यमंत्री ने अयोध्या में संचालित अवस्थापना विकास परियोजनाओं की समीक्षा की**

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में अयोध्या में संचालित अवस्थापना विकास सम्बन्धी परियोजनाओं की समीक्षा की तथा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के सुरक्षा प्रबन्धन की कार्ययोजना के सम्बन्ध में विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया की दृष्टि अयोध्या की ओर है। हर आस्थावान अयोध्या आने को आतुर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में धर्मनगरी अयोध्या का विकास त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप किया जा रहा है। अयोध्या में पुरातन संस्कृति, सभ्यता के संरक्षण के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को देखते हुए आधुनिक पैमाने पर सभी नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अतिशीघ्र अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का लोकार्पण होना है। प्रधानमंत्री जी की भावनाओं के अनुरूप अयोध्या के समग्र विकास की हर परियोजना शासन की प्राथमिकता है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लोकार्पण से पूर्व अवधपुरी को सजाया जाए। मठ-मंदिरों की रंगाई-पुताई कराई जाए। पूरे शहर में एक समान थीम पर फसाड लाइटिंग कराई जाए। नगर की गलियों-भीतरी सडक़ों को बेहतर किया जाए। नगर में कहीं भी जलभराव न हो और नालियां ढकी हुई हों।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अयोध्या के मूल निवासियों के लगभग 100 गुना अधिक संख्या में श्रद्धालुओंध्पर्यटकों की उपस्थिति वहां हो रही है। ऐसे में नगर विकास विभाग स्वच्छता के लिए विशेष प्रबंध करे। अयोध्या में अतिरिक्त स्वच्छता कर्मियों की तैनाती की जाए। जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ और राम पथ के निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूरा किया जाए। बहुउद्देशीय पार्किंग स्थल एवं दुकानों के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करें। साथ ही, पेयजल, टॉयलेट, चेंजिंग रूम आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स मुख्य मार्गों के किनारे बेतरतीब ढंग से दुकानें न लगाएं। हर एक स्ट्रीट वेंडर का पीयन जरूर किया जाए। नगर में संचालित अंडर ग्राउंड केबलिंग के कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। अयोध्या नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण के निर्माणाधीन भवन के कार्य को यथाशीघ्र पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद की जाए।